बाइनरी ब्राउन ड्वार्फ्स

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में, शोधकर्त्ताओं ने पता लगाया है कि **वर्ष 1995** में पाया गया **ब्राउन ड्वार्फ्स (भूरा बौना तारा) ग्लिसे 229B,** वास्तव में दो (बाइनरी) ब्राउन ड्वार्फ्स (**ग्लिसे 229Ba और 229Bb) हैं, जो एक छोटे तारे की** परिक्रमा करते हुए एक दूसरे की परिक्रमा करते हैं।

- यह दुर्लभ बाइनरी ब्राउन ड्वार्फ्स **तारा 19 प्रकाश वर्ष** (1 प्रकाश वर्ष = 9.5 ट्रिलियन किमी) दूर **लेपस तारामंडल में** स्थित है ।
- यह **बाइनरी ब्राउन ड्वार्फ्स** एक सामान्य **लाल बौने/ड्वार्फ्स तारे की परिक्रमा करता है** जिसका द्रव्यमान **हमारे सूर्य के लगभग 6/10 भाग के बराबर है।**
    - लाल **बौना सबसे छोटा, सबसे ठंडा तारा** है, जो **आकाशगंगा में 60-70%** तारों का निर्माण करता है। इसका **लाल रंग कम तापमान** को दर्शाता है।
- **भूरे बौने (ब्राउन ड्वार्फ्स) के बारे में:** ब्राउन ड्वार्फ्स **ग्रहों और तारों** के बीच स्थित **एक पिंड हैं, जिनमें** नाभिकीय संलयन **की प्रक्रिया हेतु पर्याप्त द्रव्यमान नहीं होता** हैं लेकिन इसका द्रव्यमान बृहस्पति जैसे सबसे बड़े ग्रहों से अधिक होता है।
    - वे **ड्यूटेरियम** (**हाइड्रोजन** का एक भारी रूप) **को जलाने में सक्षम हैं**, लेकिन **तारों की तरह नियमित हाइड्रोजन संलयन को** बनाए रखने के लिये उनमें द्रव्यमान का **अभाव है** ।

और पढ़ें: ब्राउन ड्वार्फ (भूरे बौने) आकाशगंगाओं में तारों का निर्माण

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/binary-brown-dwarfs